हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 18 जून 2024

11 मुस्लिम समुदाय ने नमाज पढ़कर मांगी देश की तरक्की



12 भावनाओं पर कीमतों की मार,मटकों की कीमत दो सौ पार



SELECTIONS - 2024
NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE
YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

कक्षा 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले तथा 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए यदुवंशी शिक्षा निकेतन एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। सभी टॉप 10 बच्चों की हॉस्टल तथा ट्यूशन फीस जीरो होगी अर्थात् बिल्कुल फ्री !

Date of Test :
07 July 2024 (Sunday)

Test Centres:
YADUVANSHI SHIKSHA NIKETAN
MAHENDERGARH, NARNAUL,
GGN-92, HANSI, REWARI



SUPERB 100 IIT/NEET/CA/CLAT
Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th
Register yourself for TEST

i CAN DO
TEST में भाग लें और पाएं नि:शुल्क शिक्षा

यदुवंशी शिक्षा निकेतन

Free for Classes

| Class | | |
|---|---|---|
| Class 9th | Top 10 | 4 Years |
| Class 10th | Top 10 | 3 Years |
| Class 11th (Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 11th (Non-Medical) | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th (Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 12th (Non-Medical) | Top 10 | 1 Year |
| Class 11th CA Foundation | Top 10 | 2 Years |
| Class 12th CA Foundation | Top 10 | 1 Year |

for 12th pass out Students (Direct Entry who secured 80% and above Marks in Board Exams.
NO Hostel Fee, NO School Fee
100% Free
For 12th Above Passout students admission in under graduate courses also available FREE at degree College Yaduvanshi Mahendergarh & Narnaul.

*Separate paper for Medical/Non Medical/Commerce students.

EXAM DURATION:
10:00 am. to 11:30 pm.
Exam Pattern:
MCQ 90 from concern Subject (English Medium Only)
*T & C Apply

HOSTEL FACILITY AT MAHENDERGARH CAMPUS.

For Registration 9th to 12th and Droppers scan the QR Code or Call at 9053002451 | 9887407365 | 70153 17700

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES
यदुवंशी कॉलेज
हर बार यदुवंशी सबसे आगे
CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE
यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी



तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
98.60 %
शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह
भारती पुत्री श्री शिव कुमार
98.40%





SHIVANI B.Sc. (H) Physics
ANKITA B.Sc. (H) Zoology
SUPRIYA B.Sc. (H) Zoology
ASHA B.A.
LOKESH B.P.Ed.
EKTA B.Sc. (H) Math
KALPANA M.Sc. Physics
DIKSHIKA B.Sc. (H) Chemistry
PREETI B.Sc. (H) Math
SUDHA B.Com. (H)
DEEPIKA M.Sc. Geography
KALPANA M.Sc. Chemistry
DEEPIKA M.A. Pol. Sci.
PHOGAT UJJWAL M.A. English

79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered
B.Sc. (Hons): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
B.A., B.A. (Hons) ENGLISH, BBA, BCA
M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
M.Ed., B.Ed., D.El.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam
IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech Polytech. ITI

CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (VI Sem.)
10/10 B.Sc. (Hons) Zoology (V Sem.)
09/10 B.Sc. (Hons) Zoology (III Sem.)
05/10 M.Sc. Chemistry (I Sem.)
05/10 B.A. (I Sem.)
05/10 B.Sc. (Hons) Zoology (I Sem.)
06/10 B.Sc. (Hons) Maths (I Sem.)
05/10 B.Sc. (Hons) Chemistry (V Sem.)
05/10 B.Com. (Hons) (V Sem.)

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.



राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Rewari Road, Narnaul 8607052323 | 8607052424
YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Mahendergarh 8607062323 | 8607062424
RBS DEGREE COLLEGE Thanwas, N. Chaudhary 8607052424
TECHNICAL COLLEGES Narnaul - 8607052323, Sohali - 9728396599
EDUCATION COLLEGES Narnaul - 8222852523, Sohali - 9991904068, Dhani Mahu - 8949371674, M.Garh - 7056720275, Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप

### योग को अपनाकर बनें निरोगी: विकास

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां के सेठ विशंभर दयाल बाबू लाल सामुदायिक भवन परिसर में पाक्षिक सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें महिला व पुरूष शिरकत कर रहे है। दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्माकुमारीज झोझू सेवा केंद्र संचालिका बहन ज्योति व ललिता बीके सुनील ने शिविर का शुभारंभ करवाया।

### गायत्री जयंती पर किया विशाल गायत्री महायज्ञ

**चरखी दादरी।** गायत्री जयंती के पावन पर्व पर 17 जून को श्रीबालानाथ योगाश्रम बलाली-आदमपुर डाढ़ी में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर योगाश्रम संचालक आचार्य देवीसिंह ने बताया कि गायत्री मंत्र संसार की सभी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने की शक्ति रखता है।

### शिविर में योग की बारीकियों के बारे में दी जानकारी

**बवानीखेड़ा।** जिला आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग के निर्देशन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय वैद्य, डॉ. हरिश्चंद्र, डॉ. निशा खट्टर, एएमओ डॉ. कविता के सानिध्य में आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक के नेतृत्व में गाँव दुर्जनपुर के खिलाड़ियों के साथ गाँव की सभी गलियों में आम जन को योग के प्रति जागरूक करने के लिये योग जन यात्रा निकाली।

### विवाह पंजीकरण करवाना हुआ आसान :डीसी

**भिवानी।** प्रदेश सरकार ने विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी मजिस्ट्रेट सीटीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी बीडीपीओ सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। डीसी नरेश नरवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि विवाह पंजीकरण बारे सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

---

हर घर पक्षियों के लिए घोसलें व दाना पानी रखने को किया जाएगा जागरूक

# संजय ने किया दादरी में 'पक्षी मेरे अतिथि' अभियान का आगाज

युवा व सामाजिक संगठन करेंगे पक्षियों के मेहमान नवाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सोमवार को दादरी जिले में 'पक्षी मेरे अतिथि' अभियान का आगाज किया गया। अभियान के तहत जिलेभर में पक्षियों के लिए हजारों घोसले रखे जाएंगे और वहीं पर दाना पानी का प्रबंध भी किया जाएगा। अभियान का लक्ष्य पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध कर उनकी मेहमान नवाजी करना है।

सामाजिक कार्यकर्ता संजय रामफल ने अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि पक्षियों के संरक्षण की बहुत बड़ी आवश्यकता हमारे इकोसिस्टम को है। उन्होंने कहा कि हम सभी अभियान का हिस्सा बनकर अपने घरों में पक्षियों को अतिथि मानकर उन्हें अपने आंगन दरवाजे या छतों पर छोटे पात्रों में जल रखकर उनके संरक्षण का कार्य कर सकते हैं। इस भीषण गर्मी में जहां एक ओर इंसान परेशान है, वहीं पशु-पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे हैं। लगातार कम होते पेड़ों की वजह से पक्षियों की संख्या में भी कमी आ रही है। इस गर्मी में इंसान भले ही कूलर और एसी का इस्तेमाल करके ठंडक प्राप्त कर ले, लेकिन पक्षियों को ठंडक नसीब नहीं हो पा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय ने कहा कि इस काम में सामाजिक संगठन और सैकड़ों युवाओं का सहयोग लिया जा रहा है, जो घर घर जाकर जागरूक करेंगे, ताकि लोग अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी के दिनों में यदि हम पक्षियों को अपने घरों में जल उपलब्ध करवा पाएं तो ये छोटा प्रयास उनके अस्तित्व को बचाने की मुहिम का बड़ा हिस्सा बन सकता है।



भिवानी। पक्षियों के लिए घोसला व पानी का प्रबंध करते संजय रामफल।

#### पक्षियों को मेहमान मानकर घरों में रखें दाना पानी

संजय ने कहा कि अभियान का हिस्सा बनकर अपने घरों में पक्षियों को मेहमान मानकर उन्हें अपने आंगन, दरवाजे या छतों पर छोटे पात्रों में जल रखकर उनके संरक्षण का कार्य कर सकते हैं। स्कूलों की छुट्टियों के इन दिनों में इस कार्य के लिए छोटे बच्चों को प्रेरित किया जा सकता है। इससे उनके बाल मन पर पक्षियों के प्रति प्रेम पैदा होगा। उनके इस प्रयास का असर दिखाई पड़ने लगा है।

#### लोगों से की अपील

'पक्षी मेरे अतिथि' अभियान के तहत संजय रामफल ने लोगों से पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की है। इस अभियान के जरिए पर्यावरण को भी बचाने पर जोर दिया जाएगा। पक्षियों को गर्मी में प्यास लगती है, ऐसे में अगर हर घर में पानी उपलब्ध होगा तो उन्हें प्यासा नहीं रहना पड़ेगा और उनके जीवन की सुरक्षा भी हो सकेगी, क्योंकि अक्सर गर्मी में पानी के अभाव में पक्षी मर जाते हैं।

---

# शिविर में 19 युवाओं ने किया रक्तदान

■ दान दिया गया रक्त है जीवन का विकल्प : सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू




लोहारु। रक्तदान शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते मा. श्यामसुंदर सांगवान।

समाजसेवी एवं स्टेट अवार्डी श्यामसुंदर सांगवान ने कहा कि दान दिया गया रक्त जीवन का विकल्प है क्योंकि दान दिए गए रक्त से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए तत्पर रहना चाहिए। वे लोहारू में प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्त्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित संबोधित कर रहे थे। रक्तदान शिविर में 19 युवाओं ने रक्तदान किया। श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है जिसके माध्यम से रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया जाता हैं।

इस वर्ष भी 14 जून से 27 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत यह रक्तदान शिविर लगाया गया है। पोस्ट मास्टर नितिन वालिया, प्रयास संगठन के अध्यक्ष महेंद्र कथूरिया, मा. पवन स्वामी और डॉ. उमेद जांगिड़ ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढाया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए तथा शादी-विवाहए वर्षगाँठ जन्मदिन व अन्य मांगलिक अवसरों पर रक्तदान करना चाहिए।

# वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें देश के विकास में योगदान दें युवा: रविन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



प्रतियोगिता के विजेता युवाओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

आर्यन कोचिंग सेंटर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन मास्टर रविंद्र सांगवान ने की अध्यक्षता में किया। आयोजन के दौरान इंकलाब युवा मोर्चा के सदस्यों कुलदीप, कर्मबीर सांगवान, यशपाल, ओमप्रकाश, अजय ने शिरकत करते हुए होनहार युवाओं को सम्मानित किया। गौरतलब है कि गत दिनों शहीदी दिवस पर शहीदे आजम भगत सिंह एक विचार विषय आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन इंकलाब मोर्चा के सहयोग से किया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहने वाले युवा दीपक यादव, आरती घसोला, रोहित, गौरव को सम्मानित किया। सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने कहा कि मां भारती के वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हम सबको इन वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज व देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। युवाओं को भी चाहिए कि वे शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान दें। जो देश अपने शहीदों की कुर्बानियों एवं बलिदानों को याद रखते हैं वे निरंतर आगे बढ़ते हैं।

---

# गंगा दहशरा हमारी भारतीय संस्कृति का प्रतीक: डॉ. मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



गंगा दशहरा पूजन करते अतिथि व ग्रामीण।

गांव सुई में रविवार को गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भिवानी के सामान्य हॉस्पिटल की रक्त बैंक प्रभारी डॉ. मोनिका ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. मीनू व विशेष सानिध्य गांव बलियाली के सरपंच सचिन सरदाना का रहा। इस मौके पर महिला व किसान जागरूकता पर बल दिया और गंगा दशहरा के बारे में बताया। डॉ. मोनिका ने बताया कि गंगा दहशरा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने महिलाओं को खून बढ़ाने के तरीके भी बताए। कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. मीनू ने कहा कि कार्यक्रम ज्येष्ट महीने में मनाया जाता है। इस दिन गंगा ने पृथ्वी पर अपना स्थान लिया था। जल सरक्षण के बारे में जानकारी भी दी और कहा कि जल है तो कल है। उन्होंने कहा कि आज के समय में रासायनिक प्रदूषण अधिक है। किसानों को आज के समय में जल बचाव पर ध्यान देना चाहिए।

# पानी से बड़ा कोई पुण्य, धर्म व सेवा नहीं: सूर्यकांत

■ डॉ. आंबेडकर फ्री डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चों की सुविधा को लगाया वाटर कुलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। वाटर कुलर का उद्घाटन करते एक्सईएन सूर्यकांत व अन्य।

गरीब परिवारों से आने वाले बच्चों को उच्च अधिकारी बनाने का सपना संजोए शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा ने आईएएस अधिकारी राहुल नरवाल के अथक प्रयासों से विधायक घनश्याम सर्राफ द्वारा दी ग्रांट से डॉ.आंबेडकर कॉलोनी में फ्री डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवाया। दो साल पूर्व फ्री डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की थी, जिसमें से पढ़कर 18 बच्चे सरकारी पदों व तीन का आईआईटी नीट में चयन हुआ है। सोमवार को बच्चों को स्वच्छ शीतल पेयजल मुहैया करवाने को लाईब्रेरी में वाटर कुलर लगाया, जिसका उद्घाटन जनस्वास्थ्य के एक्सईएन सूर्यकांत, डीएसओ विरेन्द्र संभ्रवाल, एसडीओ सतीश ने किया। एक्सईएन सूर्यकांत ने कहा कि पानी से बड़ा कोई पुण्य एवं सेवा कोई ओर नहीं होती, ये सबसे बड़ा धर्म है, उनका प्रयास रहता है कि वह हर घर में पीने का साफ पानी पहुंचा सके। इसके लिए पब्लिक हेल्थ के अधिकारी दिन रात मेहनत भी करते हैं। डीएसओ विरेन्द्र संभ्रवाल ने कहा कि शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा के सानिध्य में चल रही फ्री डिजिटल लाइब्रेरी को देखकर उन्हें गर्व होता है, क्योंकि शहर में हजारों की फीस लेकर बच्चे लाईब्रेरी में पढ़ते है, यहां बच्चे फ्री में पढ़ते है। कार्यक्रम में भारतीय हॉकी जूनियर महिला टीम में जगह बनाने वाली यक्षिका के पिता डीएसओ विरेन्द्र संभ्रवाल एवं संविधान पर पुस्तक लिखने वाले देश के सबसे युवा लेखक एडवोकेट धनराज गर्वा के पिताजी ओपी गर्वा, रमेश सैनी, रामचंद्र, महिलाओं को आगे बढ़ाने वाली वूमन हेल्प सोसायटी अध्यक्ष सुशीला देवी को भी सभा ने सम्मानित किया। मंच संचालन राजू मेहरा ने किया।

### निर्जला एकादशी पर युवाओं ने राहगीरों को पिलाया मीठा पानी

**तोशाम।** सोमवार को गांव भेरा के युवाओं ने निर्जला एकादशी पर मीठा पानी और तरबूज राहगीरों को वितरित किया। इस दौरान चिलचिलाती गर्मी में धर्म लाभ उठाने के लिए युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। गांव भेरा में बस स्टैंड के नजदीक गड़वा सिवानी मार्ग पर तपती गर्मी में राहगीरों को उनकी प्यास बुझाने और गर्मी से छुटकारा दिलाने के लिए मीठे पानी की छबील लगाकर तथा राहगीरों को तरबूज वितरित करके धर्म लाभ उठाया। युवाओं का कहना हैं कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है इसी के तहत उन्होंने निर्जला एकादशी के अवसर पर राहगीरों को तरबूज खिलाकर तथा मीठा पानी पिलाकर तपती गर्मी में उनकी प्यास बुझाई है।

---

# शिविर में 71 किशोरियों व महिलाओं की जांच

■ भाविप मुख्य शाखा ने लगाया नि:शुल्क जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भाविप की मुख्य शाखा द्वारा लगाए कैंप में जांच करवाती महिलाएं।

भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भिवानी द्वारा सोमवार से सांस्कृतिक सप्ताह का आगाज किया, जो 23 जून तक जारी रहेगा। सांस्कृतिक सप्ताह के दौरान निःशुल्क जांच शिविर, पौधरोपण, पानी की छबील, योग प्रशिक्षण शिविर सहित समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में सांस्कृतिक सप्ताह की शुरूआत के तहत सोमवार को हालु बाजार स्थित श्रीश्री 1008 बाबा हरिगिरी मठ में एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अभियान के तहत रक्त, शुगर व बीपी जांच शिविर का आयोजन किया। कैंप का आयोजन लैब टेक्नीशियन महावीर एवं मोनू के सहयोग से आयोजित किया, जिसमें 71 किशोरियों व महिलाओ की बीपी, शुगर एवं रक्त की जांच की। इस दौरान नौ ग्राम से कम रक्त वाली किशोरियो एवं महिलाओं को आयरन,फोलिक एसिड की टैबलेट व चने वितरित किए। परिषद के सचिव अधिवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि परिषद मुख्य शाखा समाजसेवा के कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लेता है, ताकि जरूरतमदों की मदद के बारे जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि अक्सर गलत खान-पान व उचित पोषण नहीं मिलने के कारण किशोरियों एवं महिलाओं में एनीनिया व कुपोषण जैसी समस्याएं घर कर जाती है, जिसका समय पर उपचार बहुत जरूरी है। प्रांतीय महिला संयोजिका रेखा गुप्ता एवं मनीषा बंसल ने बताया कि किशोरियों को विशेषकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

# कहीं खिलाए गोलगप्पे, कहीं छोले भटूरे तो कहीं पिलाया मीठा शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। भांति श्रीभगवान नाहड़िया व चांदी राम छोले भटूरे वाले ने नि :शुल्क सेवा करके लोगों को भरपूट खिलाते हुए।

बवानी खेड़ा में समाजसेवियों व धार्मिक कार्यक्त्रमों में बढ़चढ़कर शामिल होने वालों की कमी नहीं हैं। गर्मी को देखते हुए पिछले काफी समय से समाजसेवियों द्वारा मीठेए ठंडे शरबत को पिलाकर इस पुण्य कार्य में भागीदारी अदा की जा रही है। सोमवार को भी कस्बा में दर्जनों स्थानों पर जिसमें रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड़, शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने, पुरान नगर पालिका रोड़, बाबा कमाल मंदिर, बड़ा गुरूद्वारा, बस स्टैंड आदि स्थानों पर मीठा, ठंडा शरबत वितरित किया गया तो वहीं हर बार की भांति श्रीभगवान नाहड़िया व चांदी राम छोले भटूरे वाले ने निःशुल्क सेवा करके लोगों को भरपूट खिलाया व लोगों ने इस परसाद का आनंद लिया। श्रीभगवान नाहड़िया, चांदी राम, भारत कौशिक, प्रेम हांडा, हैप्पी महता, मा. रामनरेश, मोहनलाल सोनी, रोशनलाल आदि ने बताया कि वे हर वर्ष ऐसा आयोजन करते हैं क्योंकि उन्हें परिवार से संस्कार मिले हैं और इंसान ने दुनिया से खाली हाथ जाना है।

# वाल्मीकि समाज ने लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाते वाल्मीकि समाज के लोग।

भीषण गर्मी के चलते हर वर्ष की भांति वाल्मीकि मंदिर के सामने वाल्मीकि समाज की तरफ से राहगीरों के लिए ठंडे, मीठे शरबत के पानी की छबील लगाई। वाल्मीकि मंदिर के पुजारी ने सबसे पहले भगवान वाल्मीकि को भोग लगाकर छबील का शुभारंभ किया। उन्होंनें ने वहां से गुजरने वाले वाहनों को रोकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया।

सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आने-जाने वाले लोगों ने ठंडे मीठे पानी से अपनी प्यास शांत की और गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान पानी पिलाने वाले सेवादारों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। उन्होंने बताया कि वे काफी वर्षो से लगातार वाल्मीकि समाज के सहयोग से जयेष्ठ माह में निर्जला एकादशी के एक दिन पहले मीठे पानी की छबील लगाते है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का बहुत महत्व है और इससे पुण्य मिलता है। इस गर्मी के मौसम में किसी प्यासे राहगीर की प्यास को बुझाना एक धर्म का कार्य तो है ही साथ में ये आपसी भाईचारे को भी बढ़ाता है।

---

# महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से कांग्रेस ही दिला सकती है निजात: धीरज सिंह

■ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। जनसभा को संबोधित करते युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है, जिसको लेकर जनसंपर्क अभियान का दौर भी शुरू कर क्षेत्र के लोगों समक्ष आ रही समस्याओं को जाना जा रहा है, ताकि उनका समाधान करवाया जा सकें। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस शासनकाल में लागू हुई जनहित की योजनाएं तथा भाजपा शासनकाल में आमजन विरोधी नीतियों का अंतर भी ग्रामीणों को बताया जा रहा है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह ने गांव कायला से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। धीरज सिंह ने कहा कि भाजपा शासनकाल में आमजन के हित को देखकर योजनाएं लागू की जाती थी, जिसके चलते प्रत्येक वर्ग खुशहाल था। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस शासनकाल में युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी सहित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाते थे, जिसके चलते हरियाणा प्रदेश व देश में विकास के मामले में अव्वल स्थान पर था, लेकिन भाजपा सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों के हितों के लिए आमजन के भविष्य पर बुरी तरह से प्रहार करने काम किया है।

**यात्रा** | गांव तिवाला में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देश पर निकाली योग जनजागरण यात्रा

# योग जनजागरण यात्रा निकालकर ग्रामीणों को किया योग अपनाने को प्रेरित

ग्रामीणों को योगमय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। गांव तिवाला में योग जनजागरण यात्रा निकालकर लोग।

हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग चरखी दादरी के निर्देशानुसार योग जनजागरण यात्रा अभियान के तहत गांव तिवाला में योग जनजागरण यात्रा निकालकर लोगों को ग्रामीणों को योगमय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सरपंच अनिल कुमार व ग्रामीण विकास मंडल सचिव सुनील कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य व योग शिक्षिका मोनिता के नेतृत्व में योग जन जागरण यात्रा का शुभारंभ किया। योग यात्रा गांव के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय से लेकर विभिन्न गली मोहल्ले व चौराहे से होते हुए गुजरी। योग जन जागरण यात्रा में बच्चे, बूढ़े और मातृशक्ति के साथ सभी ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सरपंच अनिल कुमार व मास्टर सुनील कुमार तिवाला ने बताया कि योग शारीरिक-मानसिक आरोग्य प्रदान करने के साथ-साथ सभी को जोड़ने का कार्य करता है। जो व्यक्ति समाज योग से जुड़ता है उसके अंदर राग -द्वेष ,नफरत के भाव खत्म हो जाते हैं। प्यार प्रेम के साथ रहने का संदेश हमें योग से मिलता है ।अतः हमें अपने दिन की शुरूआत योगाभ्यास से करनी चाहिए। योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य व मोनिता ने बताया कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार प्रसार के लिए जिले भर के 25 योग शिक्षक व योग सहायक अपने-अपने व्यायाम शालाओं के माध्यम से प्रयासरत हैं।

#### यात्रा में ये रहे मौजूद


*जिलेभर में सरकार द्वारा स्थापित व्यायाम शालाओं में ग्रामीणों का आवागमन और रुचि बढ़ती जा रही है। ग्रामीण अंचल में लोग स्वस्थ रहें योग जनजागरण यात्रा का यही मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह जिला स्तर से लेकर खंड स्तर तक मनाया जा रहा है। यात्रा में मनीता देवी, नित्यानंद, डॉ सत्येंद्र, राजबीर सिंह,राहुल ,परवीन, नवीन, किसान क्लब के अध्यक्ष अशोक कुमार , आशा वर्कर मीनाक्षी, रविंद्र कुमार आदि ने विशेष रूप से भाग लिया।*

## खबर संक्षेप



### आम जनता को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने हरियाणा राज्य नाकारेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार, एचपीएस के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आम जनता को किया जागरूक। यह अभियान यूनिट भिवानी के नेतृत्व में समस्त हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो टीम को साथ लेकर आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनुसार हरियाणा में नशे का व्यापार किसी भी हालात में बर्दाश्त नही किया जाएगा।



### भूपेन्द्र हुड्डा से बवानी खेड़ा राजनीति पर हुई चर्चा

**बवानीखेड़ा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से प्रदेश सरकार में मंत्री रहे स्वण अमर सिंह धानक के सुपौत्र नमन राजेन्द्र धानक मिले और आगामी विधानसभा को लेकर पूरी बवानी खेड़ा राजनीति पर चर्चा की। हालांकि हिसार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी जेपी दलाल के लिए भी उन्होंने दिन.रात एक करके विजयपताका में भरपूर सहयोग किया था व दीपेन्द्र हुड्डा की जीत के लिए वे स्वयं वहां अपने कार्यकर्ताओं से पहुंचकर मुबारकबाद देकर आए थे। अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मुलाकात ने हलके में राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी हैं। आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस में पहले से सक्रिय नेताओं ने भी अपनी कमर कस ली है तो वहीं नमन राजेन्द्र धानक ने बताया कि उनके दादा व पिता ने हमेशा हलके के लोगों की सेवा की है और उन्हें यहां की जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।



### हरियाणा कांग्रेस अब बन गई बापू-बेटा की पार्टी

**चरखी दादरी।** कांग्रेस अब बापू-बेटा की पार्टी बन गई है। लोकसभा, राज्यसभा, सीएलपी लीडरशिप और मुख्यमंत्री भी इनको चाहिए। साथ ही पीसीसी प्रेसिडेंट भी इन्ही का होना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा दोस्ती का कच्चा नेता निकला। उक्त बात पूर्वमंत्री व भाजपा नेता सतपाल सांगवान ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में कही। सांगवान ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह को पुत्रमोह में डूबा हुआ व्यक्ति बताया। हुड्डा ने अपने बेटे को सेट करने के चक्र में समर्पित कार्यकताअरं की बलि लेनी शुरू कर दी है।

## ढ़ाणा रोड ईदगाह में मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया ईद-उल-जुहा का त्योहार

# मुस्लिम समुदाय ने नमाज पढ़कर मांगी देश की तरक्की एवं विश्व में अमन-शांति की दुआ

### प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द का प्रतीक हैं ईद का पर्वः जोरावर अली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ढ़ाणा रोड ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-जुहा का त्योहार धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया। मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अता कर एक दूसरे को ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारत नगर मदरसा के शहरकाजी मौलवी अबीबुल रहमान ने ईद-उल-जुहा की नमाज अता करवाई। मौलवी रहमान ने बताया कि ईद-उल-जुहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। बताते हैं कि अल्लाह ने हजरत इब्राहिम को अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी देने का हुकम किया तो हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने को तैयार हो गए। उल्लेखनीय हैं कि सोमवार को ढ़ाणा रोड ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-जुहा की नमाज अता की। ईद-उल-जुहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। बताते हैं कि अल्लाह ने हजरत इब्राहिम को हुकम किया कि वह अपनी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी दें तो हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने को तैयार हो गए। जब हजरत इब्राहिम अपने बेटे इस्माइल को कुर्बान करने के लिए आंखों पर पट्टी बांधकर आगे बढ़े तो खुदा ने उनकी निष्ठा को देखते हुए इस्माइल की कुर्बानी को दुंबा (मिंडा) की कुर्बानी में परिवर्तित कर दिया। इस्लाम धर्म की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हजरत इब्राहिम अल्लाह के पैगंबर थे। ईद उल जुहा इस्लामी कैलेंडर का 12वां और आखिरी महीना होता है, ये त्योहार खुशियां बांटने, गरीबों एवं बेसहारा लोगों की मदद करने का होता है।





**भिवानी।** एक दूसरे को ईद-उल-जुहा की बधाई देते मुस्लिम बच्चे व कब्रिस्तान वाली ईदगाह में ईद-उल-जुहा की नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग।

#### नमाज पढ़ना हर बालिग मुस्लिम का फर्ज

जोरीवर अली ने कहा कि आठ वर्ष से ऊपर हर मुसलमान महिला पुरूष का पांच वक्त की नमाज अदा करना फर्ज हैं, जिसे सुबह पांच बजे फजर की नमाज, दो बजे जौहर की, शाम पांच बजे असर की, सात बजे मकरीब की और साढ़े आठ बजे ईसा की नमाज अदा करनी चाहिए। ईदगाह में नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लगाकर व घर जाकर मिठाई खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी जाती हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ढ़ाणा रोड ईदगाह के मौलाना इलियास खान, हफीज अली, अब्दुल हमीद, रोशन अली, तैय्यब हुसैन, बंटी अली, यासिन अली, जैद खान, हैदर अली, रिजवान खान, नसीरुद्दीन अली, सनवर अली, सुमित खान, शरीफ खान, राजू खान, करतार खान, हनीफ अली, शौकीत अली, जाकिर अली, डॉ. रणबीर, जैयद खान, हैदर अली, सुगनपाल बजीणा, उमेदखान आदि मौजूद थे।

#### गिले शिकवे दूर कर प्रेमभाव से रहने व गलतियों से करते हैं तोबा

मस्जिद कमेटी के प्रधान जोरावर अली ने कहा कि ईद उल जुहा (बकरीद) का त्योहार प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है, इस दिन मुस्लिम लोग नमाज पढ़कर देश की तरक्की व विश्व में अमन-शांति की दुआ करते हैं। नमाज के बाद मुस्लिम भाई बहन एक दूसरे के गले लगकर गिले सिकवे दूर कर प्रेमभाव से रहने की कामना करते हैं। वहीं मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह से अपनी गलतियों की तोबा कर माफी मांगते हैं।

#### ईद-उल-जुहा पर बनते हैं मीठे व नमकीन पकवान

सलमा बैगन, सुखशाना, अफशाना, शीतल सोनी, भावना अग्रवाल व शबाना ने बताया कि सुबह ईद-उल-जुहा की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम महिलाएं मीठे व नमकीन पकवान बनाती हैं, जिसमें मीठी खीर, सिवेईया, खुरमा, बेशन के पकोड़े सहित अनेक मीठे व नमकीन पकवान तैयार करके परिजनों, रिश्तेदारों व मित्रों को पसोते जाते हैं। समाज के लोग एक दूसरे को दावत देते हैं और मीठे पकवान तैयार कर बधाई स्वरुप एक दूसरे को घरों में देने जाते हैं।



**भिवानी।** जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की प्रधान श्वेता मित्तल को सम्मानित करते अतिथि।

## मिडकॉन कार्यक्रम में जेसीआई भिवानी ब्लॉसम ने जीते 26 अवॉर्ड

- महिलाओं को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना जेसीआई का उद्देश्य: श्वेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गत दिवस जींद में मिडकॉन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाजसेवा के कार्यो में बढ़-चढकर भाग लेने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया। इसके तहत जेसीआई भिवानी ब्लॉसम को विभिन्न श्रेणियों में 26 अवॉर्ड से सम्मानित किया। जेसीआई भिवानी ब्लॉसम की प्रधान श्वेता मित्तल ने बताया कि मिडकॉन कार्यक्रम में जेसीआई भिवानी ब्लॉसम को 26 श्रेणियों में सराहनीय कार्यो के चलते अवॉर्ड मिले, जिसमें इस वर्ष के दो बड़े प्राजेक्ट कार्निवल के आयोजन व दिशा समारोह को होस्ट करने के लिए उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मिडकॉन कार्यक्रम में जेसीआई भिवानी ब्लॉसम को अन्न शक्ति, ॲडाप्ट द चाईल्ड, एक सकारो पानी, दान, मेरे घर आई गौरेया सहित समाजसेवा के अन्य सराहनीसय कार्यो के चलते जेसीआई भिवानी ब्लॉसम को 26 अवॉर्ड मिले है। श्वेता ने बताया कि जोन-10 (हरियाणा) में जेसीआई की 26 संस्थाएं है, जिनमें से जेसीआई ब्लॉसम एकमात्र ऐसी संस्था है, जिसमें सिर्फ महिला कार्यकर्ता ही है, इसके बावजूद महिलाएं अपनी मेहनत से पुरूषों को भी पछाड़कर समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपना नाम स्थापित कर रही है। श्वेता ने बताया कि उनका उद्देश्य महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकालकर समाजसेवा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है, ताकि शिक्षा, खेल सहित समाजसेवा के क्षेत्र में भी महिलाएं अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें। इस अवसर पर डिंपल गोयल, विनीता मेहता, सिद्धि सिंगल आदि मौजूद रहे।

## कबीर दास जयंती समारोह 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

संत शिरोमणि कबीर दास महाराज का 626वां प्रकट दिवस समारोह बधवाना गेट, कबीर नगर, वार्ड नम्बर-12 में संत कबीर युवा संगठन एवं धानक समाज चरखी दादरी के सहयोग से 21 जून को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। कबीर नगर के महेश सुरलिया ने बताया कि संत शिरोमणि कबीरदास महाराज के प्रकट दिवस समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह शिरकत करेंगे। उक्त समारोह में तपोभूमि जटेला धाम से महंत राजेन्द्र दास का सानिध्य रहेगा और वे सांय तीन बजे अपने मुखारविंद से सत्संग, प्रवचन व संतों की वाणी का गुणगान करेंगे। इसके साथ-साथ रक्तदान शिविर, विशाल भंडारा, 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। अगले दिन 22 जून को प्रधान महेश सुरलिया की अगुवाई में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की शोभायात्रा सांय 3 बजे कबीर नगर से चलकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस कबीर नगर में संपन्न होगी। कार्यक्रम की समस्त तैयारियां कर ली गई है और कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार कर सभी को अपनी-अपनी जिम्मेवारियां सौंप दी है।



**भिवानी।** संत शिरोमणि कबीरदास महाराज के प्रकट दिवस समारोह को लेकर चर्चा करते संत कबीर युवा संगठन एवं धानक समाज के लोग। *फोटो: हरिभूमि*

## रामकिशन शर्मा ने फिर लहराया जीत का परचम

- गाजियाबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में जीते 5 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल
- 22 दिन में जीत चुके हैं 16 मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

गांव बाढ़ड़ा निवासी बुजुर्ग एथलेटिक्स खिलाड़ी रामकिशन शर्मा ने एक बार फिर से जीत का परचम लहराया है। गाजियाबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में उन्होंने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए 5 गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल हासिल किया है। रामकिशन शर्मा बीते 22 दिनों के दौरान 16 मेडल हासिल कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है और उन्होंने रामकिशन शर्मा को जीत की बधाई दी है। बता दे कि बाढ़ड़ा निवासी रामकिशन शर्मा ने गाजियाबाद के महामाया स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में चुनौती पेश करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।



**बाढड़ा।** जीत के बाद मेडल प्राप्त करते खिलाड़ी रामकिशन शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

#### बीते 22 दिनों के दौरान जीते हैं 16 मेडल

रामकिशन शर्मा ने बीते 22 दिनों में इतनी अधिक उम्र में भी भीषण गर्मी की परवाह किए बिना देश के अलग.अलग मैदानों पर अपनी चुनौती पेश की है। इस दौरान उन्होंने 15 गोल्ड सहित कुल 16 मेडल हासिल किए हैं। उन्होंने 27 से 30 मई तक हैदराबाद में आयोजित प्रतियोगिता में 6 गोल्ड मेडल हासिल किए। उसके बाद 5 से 7 जून तक अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में 4 गोल्ड व हाल ही में गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में 5 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल हासिल किया है। वहीं उन्होंने 26 से 28 अप्रैल तक मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में भी 5 गोल्ड मेडल हासिल किए थे। रामकिशन शर्मा अब तक कुल 246 मेडल हासिल कर चुके हैं।

## अधिकारियों ने पुल निर्माण का लिया जायजा

- रूट डायवर्ट कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- सतनाली रोड पर नहर पर बन रहे पुल की मिट्टी धंसने के बाद रविवार को बाल.बाल बची थी रोडवेज की, नहर विभाग आया हरकत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा के सतनाली रोड़ पर पुल निर्माण के दौरान रविवार को मिट्टी खिसकने के कारण गड्ढे में गिरने से रोड़वेज बस बाल.बाल बचने के बाद सिंचाई विभाग सोमवार को हरकत में दिखाई दिया। विभाग के अधिकारियों ने आज सतनाली रोड़ पर पहुंच कर पुल निर्माण का जायजा लिया तथा वाहनों के लिए रूट को गलियों से डायवर्ट किया गया। अधिकारियों ने ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता भोगल सिंह व कनिष्ट अभियंता ने सोमवार को पुल निर्माण स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लिया।



**बाढड़ा।** निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते विभाग के अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### अधिकारियों को सावधानी बरतने के दिए निर्देश

ठेकेदार व अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य के दौरान पूरी सावधानी बरती जाए छोटी से लापरवाही के कारण किसी को नुकसान ना हो। इसके अलावा पुल निर्माण स्थल के दो ओर बेरिकेड आदि लगाए गए ताकि कोई तेज गति वाहन निर्माण स्थल की ओर ना जा पाए। बता दे कि सतनाली रोड पर नहर पर बनाए जा रहे पुल की मिट्टी खिसकने के कारण रविवार को भिवानी डिपो की तोशाम-सतनाली रूट की बस सतनाली जाते समय गड्ढे में फंस गई थी व गहरे गड्ढे में गिरने से बाल-बाल बची थी। जिसके बाद बस में सवार यात्रियों को तुरंत बाहर निकाल कर जेसीबी की सहायता से बस को पीछे की तरफ खींच कर निकाला गया था जिसके बाद नहर विभाग के अधिकारी आज हरकत में आए हैं।

## डॉ. सुलक्षणा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

प्रेमनगर निवासी शिक्षाविद, कवयित्री एवं समाज सेविका डॉ. सुलक्षणा अहलावत को त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू में नेपाल के उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ तथा सांसद डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने शिक्षा रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया। डॉ. सुलक्षणा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह सम्मान हिंदी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू द्वारा दिया गया। डॉ. सुलक्षणा 2006 से शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में कार्यरत हैं। डॉ. सुलक्षणा वर्ष 2013 से मेवात में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए वो पहले भी अनेक मंचों से सम्मानित हो चुकी हैं। डॉ. सुलक्षणा कई पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं का सम्पादन कर चुकी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय परिषद गुरु विद्यापीठ की ब्रांड एंबेसडर हैं। शिक्षाविद के साथ साथ डॉ. सुलक्षणा उच्च कोटि की कवयित्री तथा समाज सेविका हैं। नेपाल से आते ही रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्यस्तर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पूर्व गृहमंत्री अनिल विज तथा कैबिनेट मंत्री कुंवर संजय सिंह के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।



**चरखी दादरी।** डॉ. सुलक्षणा को सम्मानित करते नेपाल के उपप्रधानमंत्री।

## 180 मरीजों की आंखें जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चरखी दादरी जिले के गांव सांजरवास के बैकवर्ड धर्मशाला नजदीक शिव मंदिर में रविवार को डॉक्टर पवन धीर आई इंस्टीट्यूट ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन समाजसेवी देवेंद्र फौजी व समस्त ग्राम वासी के सौजन्य से किया गया। शिविर में लगभग 180 लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें दवाई व चश्में वितरित किए। हर सप्ताह डॉक्टर पवन धीर आई इंस्टीट्यूट की टीम नेत्र जांच शिविर लगाते रहते हैं तथा जिन लोगों की आंख में गंभीर समस्यां हैं, उन्हें हॉस्पिटल बुलाते हैं। शिविर में डॉ. पवन धीर आंखों का हॉस्पिटल के डॉ. हरिओम निगम, डॉ. सत्या, पवन, महेश,ममता, राजकुमार, सुखबीर, व रिंकू ने सेवाएं दी और 180 मरीजों की जांच की। डॉ. हरिओम निगम ने कहा कि भिवानी के महम गेट स्थित धीर हॉस्पिटल में पुतली बदलना, पर्दे का ऑपरेशन, लेजर, चश्मा हटाने का लेजर, भैंगापन, नाखूना, नासूर, काला मोतिया जैसी आंख की बीमारियों का इलाज होता है। उन्होंने कहा कि ये हॉस्पिटल सरकार के पैनम व आयुष्मान, ईसीएचएस, ईएसआई के पैनम में भी शामिल हैं, जिसमें गरीब व्यक्ति अपना इलाज फ्री में करवा सकता हैं।



**भिवानी।** आयोजित शिविर में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

## कार्यक्रम के पहले दिन सूर्य कवि लखमीचंद द्वारा रचित सेठ ताराचंद सांग का हुआ मंचन

# हरियाणवी संस्कृति के गौरवशाली इतिहास से रूबरू होंगे युवा

- राज्यसभा सांसद ने भवन निर्माण के लिए 11 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणवी कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला के गांव उमरावत स्थित सूर्यकवि दादा लखीचंद सांस्कृतिक भवन में म्हारी संस्कृति. म्हारा स्वाभिमान संगठन द्वारा सोमवार को वार्षिक उत्सव के तहत चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की तथा मंच का संचालन धर्मवीर नागर ने किया। इस मौके पर संगठन पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पवार को सूर्यकवि दादा लख्मीचंद को भारत रत्न सम्मान दिए जाने का मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद ने सूर्य कवि दादा लखमीचंद सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा 11 लाख रुपए के सहयोग की घोषणा की। वही विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ महान कवियों के प्रतिमाओं के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर कवि महाशय दयाचंद संस्कृति मिशन बादली, विश्व चैंपियन शशि पहलवान बापड़ोला, बलजीत पहलवान कुतुबगढ़ गोल्ड मैडलिस्ट, आरती पहलवान कुतुबगढ़ गोल्ड मेडलिस्ट, अमित पहलवान सुल्तानपुरी अखाड़ा, सागर पहलवान कुश्ती विजेता, दीपक लडरावण समाजसेवी एवं लोक गायक मुकेश भैंसवाल को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।



**भिवानी।** मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### कार्यक्रम से युवा पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध से बाहर आ पाएंगे

राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार व विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा हरियाणवी संस्कृति की गौरवशाली इतिहास से रूबरू होंगे। जो कि एक सराहनीय सोच का परिणाम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से युवा पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध से बाहर आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं की सोच पर काफी गहरा प्रभाव डालते है तथा उन्हे राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित भी करते है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहले दिन सूर्य कवि दादा लखमीचंद द्वारा रचित सांग सेठ ताराचंद का मंचन किया गया। जिसका सार यह है कि अगर मनुष्य धर्म पर चलता है तो धर्म उसकी रक्षा करता है। अगर धर्म को त्याग देता है तो उसका विनाश निश्चित होता है। वेदों में भी कहा गया है धमारे् रक्षति रक्षितः।

**खबर संक्षेप**

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** सीआईए टीम ने बीती रात साहुवास गांव के समीप एक युवक अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईडी को सूचना मिली की एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है, जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम दे सकता है। युवक साहुवास से पैंतावास की तरफ पैदल जा रहा है। पुलिस टीम बताए गए स्थान पर दबिश दी। जहां से एक युवक को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि युवक की तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान मकड़ाना। निवासी प्रवीन उर्फ भोली के रुप में हुई है।

## खेड़ी दौलतपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट, केस

**बवानीखेड़ा।** गांव खेड़ी दौलतपुर में राजनीति पर चर्चा करते करते मामला मारपीट तक पहुंच गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस में दी शिकायत में खेड़ी दौलपुर निवासी सतबीर ने बताया कि वह रविवार को रात लगभग 8 बजे गांव के ही पवन के मकान के पास से जा रहा था और पवन के मकान की सामने गली में कुलबीर उफ बिल्लू व पवन बैठे हुए थे। कुलबीर ने मुझे बुला लिया और मैं वहां चला गया। कुलबीर नशे में था और उसने मेरे साथ राजनीतिक बाते करते हुए लड़ाई झगड़ा किया व गाली देकर थप्पड़ मारे। उनके साथ ईश्वरए आर्यनए पवन ने भी झगड़ा किया।

### भावनाओं पर कीमतों की मार, मटकों की कीमत दो सौ पार

# यमुना पार के तरबूज तो बुरेड़ा के मटकों से किया एकादशी पूजन

### निर्जला एकादशी पर तरबूज,खरबूजे व मिट्टी के घड़ों की कीमत दोगुना तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

निर्जला एकादशी पर हर किसी ने पुण्य कमाने के लिए दान पुण्य किया। इसी दौरान लोगों की भावनाओं पर फलों व मिट्टी के घड़ों की कीमतें हावी रही। मटकों की मांग बढ़ने की वजह से उनकी कीमत दो सौ रुपये को पार कर गई। वहीं निर्जला एकादशी पर यमुना पार के तरबूजों का लोगों ने स्वाद चखा।

निर्जला एकादशी की वजह से उक्त वस्तुओं की कीमतें अन्य दिनों की अपेक्षा दो से तीन गुणा तक ज्यादा रही। यहां तक कि भिवानी में इनकी पूर्ति न होने की वजह से पड़ौसी जिलों से मिट्टी के घड़े व तरबूज व खरबूजों की खेप मंगवाई गई। जो कि निर्जला एकादशी के चलते उक्त चीजे हाथों हाथ बिकती नजर आई। सोमवार को निर्जला एकादशी के चलते महिलाओं ने सुबह सवेरे से ही पूजा अर्चना शुरू की। उसके बाद महिलाओं ने मिट्टी के मटकों में पानी भरवा कर मंदिरों, धर्मशालाओं व सार्वजनिक जगहों पर रखवाया। साथ में महिलाओं ने पानी की अधिकता वाले फलों को भी बच्चों व राहगीरों में बंटवाया गया। ताकि इन फलों के सेवन के बाद उनमें पानी की कमी न बन पाए। चूंकि तरबूज व खरबूजें में सबसे ज्यादा पानी की मात्रा होती है और कई देर तक शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करता रहता है। इससे पूर्व महिलाओं ने एकत्रित होकर निर्जला एकादशी कथा सुनी व सुनाई। साथ ही निर्जला एकादशी पर महिलाओं ने राहगीरों को पानी पिलाने के लिए जगह जगह छबील लगाई। ताकि वहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति का गला पानी के बिना न सूखे।



भिवानी। यमुना पार से पहुंचा रेहड़ियों पर रखा तरबूज। *फोटो : हरिभूमि*



भिवानी। निर्जला एकादशी पर बाजार में रखे मिट्टी के मटकें। *फोटो : हरिभूमि*

#### बहल में जगह- जगह लगी छबील

निर्जला एकादशी पर कस्बे में जगह जगह पर ठंडे पानी व शरबत की छबीलें लगाई गई। इसके अलावा धर्मप्रेमी लोगों ने स्टाल लगाकर राहगीरों को तरह तरह के फल व पकौड़े बांटे। इन छबीलों व स्टालों पर दिनभर भीड़ बनी रही। महिलाओं ने इस अवसर पर निर्जल रहकर एकादशी का व्रत रखा और परिवार की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। वहीं, महिलाओं ने वर्ष भर में एक बार आने वाली इस निर्जला एकादशी का व्रत रखा व निर्जल रहकर इसे पूरा किया। महिलाओं ने व्रत के दिन मंदिरों में जाकर पानी का मटका, पंखा, मिठाई, फल व दक्षिणा दी। पंडित जमोत्री तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में एकादशी पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की पूजा होती है। घर परिवार की सुख समृद्धि व आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति के यह इस व्रत रखने का प्रावधान है। इस देवव्रत भी कहा जाता है।

#### बढ़ गई खरबूजे व तरबूज की कीमतें

पानी के साथ लोगों में खरबूजा व तरबूजा बाटे जाने लगे। इसके बाद अचानक इनकी कीमतों में उछाल आ गया। रोजाना 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाला तरबूज सोमवार को 35 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिकता नजर आया। यही स्थिति खरबूजें की रही। रोजाना 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिकता था,लेकिन आज सब्जी विक्रेताओं ने 40 से 45 रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचा गया। इन दोनों फलों की मांग बढ़ने की वजह से शाम के वक्त इन फलों का स्टॉक खतम हो गया। निर्जला एकादशी पर जिले में तरबूज व खरबूजों का भरमार रही। मांग ज्यादा होने की वजह से पॉली हाऊस के तरबूजों के साथ साथ यमुना पार के तरबूजों की जबरदस्त डिमांड रही। चूंकि यमुना पार के तरबूज करीब सात से आठ किलोग्राम तक के होते है।

## ज़िला परिषद चेयरपर्सन किरण चौधरी के खिलाफ खोला मोर्चा

- बंसीलाल व सुरेंद्र सिंह के विरोधियों के साथ मिलकर राजनीति कर रही है किरण चौधरी : चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ज़िला परिषद चेयरपर्सन अनीता मलिक ने कहा कि भिवानी व अन्य जगह किरण का कोई जनाधार नहीं यह जिस भी पार्टी में रहेगी उसी पार्टी की लुटिया डुबोएगी। मलिक का कहना था कि विधायिका किरण चौधरी ने हमेशा षड़यंत्र व साजिशों की राजनीति की है अब जनता व राजनीतिक लोग इसकी असलियत पहचान चुके है। इस दौरान तोशाम व्यापार मण्डल के प्रधान जोगेंद्र मलिक ने गांव निगाना खुर्द तथा निगाना कला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी चेयरपर्सन पहली ऐसी चेयरपर्सन है जो हर गांव व गली में जाकर विकास कार्य करवा रही है। जब से अनीता मलिक चेयरपर्सन बनी है तभी से वह तोशाम व आसपास के क्षेत्र में लोगों के सुख.दुख में उनके बीच में रहकर कार्य कर रही है। जोगेंद्र मलिक ने इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों से अपने हल्के के लोगों का साथ देने और दो मुँह वाले सापों से दूर रहने को कहा। इस मौके पर चेयरपर्सन ने गांव निगाना कला में 30 सोलर लाइट, गांव निगाना खुर्द में 30 सोलर लाइट सहित अन्य कामों की सौगात दी।

## वन मित्र भर्ती के नाम पर बेरोजगारों को गुमराह कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्यमंत्री व वनमंत्री द्वारा वन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के ब्यान पर कड़ी प्रतिक्त्रिया व्यक्त करते हुए वन कर्मचारी संघ हरियाणा के निवृतमान प्रधान जीवन सिंह ने कहा कि वन विभाग में पवन मित्र का कोई स्थाई या अस्थाई पद स्वीकृत नहीं है।

जब पद ही स्वीकृत नहीं है तो भर्ती करने का प्रचार किस आधार पर किया जा रहा है। जीवन सिंह ने बताया कि यह भू.मालिकों की भूमि पर पौधे लगाने के बदले उनको खर्चए मानदेय देने की स्कीम है। स्कीम के प्रावधान बिना व्यवहारिक सोच पर आधारित है। लाभार्थियों की सीमा, पौधे लगाने की सीमा, पौधों की प्रजाति पौधे से पौधे की दूरी, बिना आर्थिक सुविधा टैंकर व अन्य ढांचागत सुविधा व आगामी वर्षोंर् से पौधे लाने की असफलता से स्कीम की सफलता पर प्रश्न चिन्ह है।

जीवन सिंह ने प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम को भी प्रचार मात्र बताया। प्रदेश में क्या 3819 वृक्ष ही 75 वर्ष से अधिक आयु के उपलब्ध है। वृक्ष की आयु का पता वृक्ष कटने पर उसके जड़, तना भाग वे वलय मिलकर लगाते है। दूसरी विधि का विभाग के 90 प्रतिशत कर्मचारियों व अधिकारियों को भी ज्ञान नहीं है, क्त्रस्कोग्राफ है मापने का है।



## फर्जी एप लोन के माध्यम से ब्लैकमेल करने के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला आईपीएस के द्वारा जिला पुलिस को जिले में आम नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनाकर उनसे रुपए एंठने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं। जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्त्राइम पुलिस भिवानी ने मिष्ठान भंडार पर काम करने वाले व्यक्ति से फर्जी लोन ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी का प्रयास करने के मामले में दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना साईबर क्त्राईम भिवानी के उप निरीक्षक विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बतलाया कि हांसी गेट भिवानी पर एक मिष्ठान भंडार पर काम करने वाले एक व्यक्ति ने थाना साईबर क्त्राईम भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 30 मई को शिकायतकर्ता अपने फोन में सोशल मीडिया साइट पर रिल देख रहा था। जो फोन में रियल देखने के दौरान ऑनलाइन लोन एप का एक लिंक दिखाई दिया था। जो लिंक पर क्लिक करने पर शिकायतकर्ता के मोबाइल में फाइल डाउनलोड हुई थी जिसमें शिकायतकर्ता का पैन कार्ड व आधार कार्ड की फोटो मांगी गई थी शिकायतकर्ता का आधार कार्ड व पैन कार्ड अपलोड करने के बाद आरोपियों के द्वारा शिकायतकर्ता के फोन से मोबाइल का सारा डाटा एक्सेस कर लिया गया था।

## मंजू बनी संस्कार भारती की जिला अध्यक्ष

- संस्कार भारती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को समाज को नई दिशा देगी मंजू : शिवकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बजरंग बली कॉलोनी स्थित एकलव्य छात्रावास में संस्कार भारती भिवानी इकाई की साधारण सभा की बैठक हुई। कलां को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती जिला भिवानी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक की अध्यक्षता प्रांत से आए चित्रकला संयोजक दीपक कौशिक जींद ने की एवं मंजू मित्तल को भिवानी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अलावा सचिव की जिम्मेदारी सरोज कौशिक तथा कोषाध्यक्ष सुदेश गर्ग को नियुक्त किया। पूर्व जिलाध्यक्ष शिवकुमार चित्रकार ने कहा कि मंजू कर्मठ कार्यकर्ता है, वो संस्कार भारती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी को साथ लेकर समाज को एक नई दिशा देंगी। कला के माध्यम से हम समाज की बुराइयों को उजागर कर उसे दूर कर सकते है। दीपक ने संस्कार भारती के आगामी उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। पूर्व सचिव अनिल पोपली ने दीपक कौशिक एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिवकुमार चित्रकार, दिनेश दाधीच, अनिल पोपली, पवन कौशिक, शंकर लाल, सारिका व अन्य मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर की सेवा

- युवाओं में समाजसेवा के भाव को उत्पन्न करते है सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम : सुनील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

निर्जला एकादशी के अवसर पर आदर्श ब्राह्मण सभा भिवानी द्वारा सोमवार को पटेल नगर में मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई।

इस मौके पर प्रसाद भी वितरित किया गया। निर्जला एकादशी का महत्व बताते हुए सभा के प्रधान अधिवक्ता सुनील शर्मा ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। उनका आशीर्वाद पाने के लिए निर्जला यानि बिना पानी पिए व्रत रखना पड़ता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यदि किसी साधक के साल भर कोई भी व्रत नहीं रखता तथा वह निर्जला एकादशी का व्रत रख लेता है तो उसे अन्य सभी व्रत का फल प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पिलाना सनातन धर्म में पुण्य का कार्य बताया गया है। यही कारण है कि निर्जला एकादशी के दिन जगह.जगह पर मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि पानी की छबील लगाकर एक तरफ जहां चिलचिलाती गर्मी से आमजन को राहत पहुंचाई जा सकती है तो वही प्यासे को पानी पिलाना सनातन संस्कृति में अत्यंत पुण्यकारी भी माना जाता है। अधिवक्ता सुनील शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों से एक तरफ जहां सनातन संस्कृति को मजबूती मिलती है तो वही दूसरी तरफ युवाओं में समाजसेवा का भाव पैदा होता है, जो कि सनातन संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाता है। ऐसे में इस प्रकार के कार्यक्त्रमों का समय.समय पर आयोजन बहुत जरूरी है। इस अवसर पर अनिल आसरि, सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा, युवा प्रधान दीपक शर्मा, लोकेश शर्मा, आयुष शर्मा, अधिवक्ता संदीप, अधिवक्ता हेमंत, ललित मामुका, महेंद्र ठेकेदार, सुभाष फौजी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



भिवानी। निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर राहगीरों की सेवा करते आदर्श ब्राह्मण सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## लोगों के बिजली उपकरण फुंके

- बिजली वोल्टेज कम व ज्यादा होने से उपभोक्ताओं के जले उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा में बिजली वोल्टेज कम.ज्यादा होने से उपभोक्ताओं के उपकरण जल गए और उन्होंने रोष प्रदर्शन किया तो वहीं विभाग के उपमंडल अभियंता ने बताया कि पूरे हरियाणा में वोल्टेज की दिक्कत बताते हुए बताया कि जहां 33केवी मिलनी चाहिए वहां 29 केवी मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से अधिक गर्मी के कारण उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर अनेक वार्डोंर् में वोल्टेज के कम ज्यादा आने के कारण लोगों के उपकरण जल गए हैं। कस्बावासियों में आशीष कुमार, हनुमान पारासर, सन्नी, विनोद कौशिक आदि की मानें तो पिछले कई दिनों से वोल्टेज कम.ज्यादा आ रही है जिसके कारण उनके पंखे, प्रेस, आरओ, पानी की मोटर, इंवर्टर आदि जल गए हैं।

विभाग भी इस और कोई सुध नहीं ले रहा है। इसी से रोषित होकर कस्बावासियों ने रोष जाहिर किया व विभाग से बिजली समस्या को दुरूस्त करने की बात कही ताकि भविष्य में इस प्रकार के नुकसान ना उठाने पड़ें। दूसरी तरफ इस बारे में बिजली निगम के उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गर्मी के कारण बिजली की समस्या पूरे राज्य में छाई हुई हैए जहां 33केवी बिजली मिलनी चाहिए वहं 29 केवी प्राप्त हो रही है। बिजली की खपत चार गुना बढ़ गई है। बारिश आने पश्चात ही इस पर काबू पाया जा सकता है।



बवानीखेड़ा। रोष जाहिर करते हुए कस्बा में बिजली उपभोक्ता।

## देश में प्रत्येक धर्म, पंथ, मजहब के लोग मिल जुलकर रहतेः विधायक

**चरखी दादरी।** भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। इसके संविधान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह हर धर्म के अनुयायियों को अपने धर्म को मानने की पूरी छूट है। इस भावना का हर भारतवासी सम्मान करता है और हमेशा सभी का प्रयास रहता है कि प्रत्येक धर्म, पंथ, मजहब के लोग आपस में मिलजुल कर रहे। यही भारत की सबसे बड़ी ताकत भी है। ये बात विधायक सोमवीर सांगवान ने कही। उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर ईदगाह पहुंचे व नमाज अदाकर रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ गले मिलकर मुबारकबाद दी। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।



## पुलिस ने जुई नहर में नहाने वालों पर कसा शिंकजा

**भिवानी।** जुई नहर में नहाने वालों की खैर नहीं,अब पुलिस ने नहर में छलांग मारकर नहाने वाले युवकों के प्रति सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। सोमवार को जुई नहर में नहा रहे युवकों को पुलिस ने खंदेड़ा। चूंकि यहां पर नहर में करीब दस से 12 फुट पानी बहता है। अगर थोड़ी सी लापरवाही हुई तो नहाने वाले युवकों की जान जोखिम में पड़ना लाजिमी है। पुलिस की सख्ती के बाद वहां पर नहाने वाले युवक चले गए। साथ ही पुलिस ने लोगों से गहरे पानी में न उतरने की नसीहत भी दी। हुआ यूं कि पुलिस की ईआरवी 141 की टीम किसी गांव में कॉल पर गई थी। पुलिस की टीम वहां से वापस लौट रही थी। जैसे ही पुलिस ने जुई नहर के पुल को पार किया तो सब इंस्पेक्टर सूरजमल की नजर नहर में छलांग मारकर नहा रहे बच्चों पर पड़ी। जिनमें से अधिकांश स्कूली बच्चे ही थे। उन्होंने गाड़ी रुकवाई और नहर में छलांग मारकर नहा रहे युवकों को वहां से चले जाने के लिए कहा।


हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


## व्हटसएप ग्रुप में से डिलीट का मामला थाने तक पहुंचा

**बवानीखेड़ा।** जहां नई.नई तकनीक के फायदे होते हैं उतने नुकसान भी देखने को मिलते हैं। वहीं इंसान में इतनी सहनशक्ति भी नहीं रहीं की कुछ सहन कर सके। ऐसा ही एक मामला व्हटशप का बताया जाता है जिसमें व्हटसप ग्रुप में विभाग में जातिगत नियुक्तियों की बात चलते चलते और बढ़ते बढ़ते इसने समाज को ही घेरे में ले लिया। व्हटसप ग्रुप में विवाद को देखते हुए ग्रुप एडमिन ने दो सदस्यों को डिलीट कर दिया उसके बाद ग्रुप एडमिन तक बात पहुंची की डिलीट की गई दोनों युवकों द्वारा उसे जातिसूचक शब्दों से प्रताड़ित करने व कहीं मिलने पर उसे सबक सिखाने की धमकी दी है। इसी से आहत होकर ग्रुप एडमिन ने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ थाना में शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लोगों ने केंद्रीय रेल मंत्री को मांगपत्र भेजा

# सिटी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सैक्टर.13 स्थित वृद्धाश्रम में दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक प्रधान आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान एसोसिएशन पदाधिकारियों ने भिवानी सिटी स्टेशन पर एक्सप्रैस गाडिय़ों के ठहराव की मांग उठाई। इसके उपरांत भिवानी स्टेशन मास्टर के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री के नाम मांगपत्र भेजकर भिवानी सिटी स्टेशन पर एक्सप्रैस गाडिय़ों के ठहराव की मांग भी जोरशोर से उठाई गई। इस मौके पर प्रधान रामकिशन शर्मा ने कहा कि भिवानी सिटी स्टेशन पर एक्सप्रैस गाडिय़ों के ठहराव की मांग 15 वर्ष पहले भी उठाई गई थी,जिसमें रेलवे अधिकारियों ने यह विश्वास दिलाया था कि जब यहां सिटी स्टेशन पर भवन बन जाएगा, तब यहां गाडिय़ों का ठहराव शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब यह भवन बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन एक्सप्रैस गाडिय़ों का ठहराव शुरू नहीं हुआ। शर्मा ने कहा कि सिटी के पार कॉलोनी में जाने के लिए पुल व सभी गाडिय़ों का ठहराव अत्यंत आवश्यक है,क्योंकि दैनिक यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। रामकिशन शर्मा, डॉ. फूल सिंह व ओमप्रकाश पोपली ने बताया कि सिटी स्टेशन के आसपास 10 कॉलोनी व 5 बड़े गांव लगते है। जिसमें सिटी स्टेशन पार कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी, नेताजी कॉलोनी, सैक्टर.13 व 23, लठियावाली कॉलोनी, विद्या नगर, शिक्षा बोर्ड, नई बस्ती, कर्मचारी कॉलोनी व गांव कालुवास, नाथुवास, गुजरानी, मिताथल, ढ़ाणी हरसुख है। जिनमें से हजारों दैनिक यात्री जिनमें महिलाएं भी है,रोजाना सफर करते है। उन्होंने कहा कि मुख्य रेलवे स्टेशन पर अधिक भीड़ रहती है तथा रात के समय में इस क्षेत्र की महिलाओं का मुख्य स्टेशन से आना मुश्किलों भरा रहता है तथा पूर्व में भी कई अप्रिय घटनाएं हो चुकी है। शर्मा ने कहा कि सिटी स्टेशन पर गाडिय़ों के ठहराव की मांग हजारों लोगों की है, जिसे सरकार व विभाग को तुरंत प्रभाव से पूरी करनी चाहिए। इस अवसर पर कृपाराम, दयानंद, अशोक कुमार, राकेश कुमार, पूर्व जिला शिक्ष अधिकारी सुरेश कुमार,पूर्व बैंक अधिकारी सुरेश कथूरिया, डा. फूल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित मौजिज लोग।